nandgaon times oct-01-2.qxd 9/30/2024 10:53 PM Page 1

कलेक्टर ने अधिक से अधिक आयुष्मान... पृष्ठ 2 | राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

मंगलवार, 01 अक्टूबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 324, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए





।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के डीपीआर को मंजूरी, केंद्रीय परिवहन मंत्री ने दी 10,000 करोड़ की सौगात

**रायपुर.** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ को 10,000 करोड़ रुपए की बड़ी सौगात दी है. इस राशि से राज्य में 4 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी. इन परियोजनाओं से राज्य में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और परिवहन की सुविधाएं बेहतर होंगी. केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आज नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ बैठक के दौरान इन परियोजनाओं पर चर्चा की. बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर गहन मंथन हुआ. 4 नई परियोजनाओं के लिए ष्ठक्कक्र को केंद्र की स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देकर सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी. नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक जारी है. रायपुर से विशाखापट्टनम के बीच पहले फेज का कार्य रिकॉर्ड 4 महीने में पूरा हुआ, इसके लिए गडकरी ने छत्तीसगढ़ सरकार और अधिकारियों को बधाई दी है. बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, हमारी सरकार सभी परियोजनाओं को समय



पर और बिना किसी रुकावट के पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. प्रत्येक सप्ताह कार्य की प्रगति की समीक्षा की जा रही है. सभी अधिकारियों को कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं. छत्तीसगढ़ में 10 हजार करोड़ की लागत के नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 14 नई परियोजनाओं के लिए स्वीकृति दी है। इसकी विस्तृत परियोजना तैयार की जाएगी। इसके बाद निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सकेगा। दरअसल, सीएम विष्णुदेव साय दिल्ली दौरे पर हैं। सोमवार को भारत मंडपम में केंद्रीय मंत्री गडकरी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर मंथन हुआ। उनके साथ डिप्टी ष्टरू अरुण साव भी मौजूद रहे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है कि पीएम मोदी जी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी ने राज्य में 4 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (ष्ठक्कक्र) तैयार करने के लिए 10,000 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देकर सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी। वहीं रायपुर-विशाखापट्टनम के पहले फेज का काम 4 महीने में पूरा हुआ, इसके लिए केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार और अधिकारियों को बधाई दी। सीएम ने बताया कि, सभी परियोजनाओं को समय पर और बिना रुकावट पूरा करने के लिए प्रत्येक सप्ताह कार्य की समीक्षा की जा रही है।

## अहिल्या बाई होल्कर आदर्श लोकमाता - द्विवेदी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अखिल विश्व की अद्वितीय सनातन संस्कृति की पुण्यभूमि भारत में अतीव गौरवशीला नारियों ने जन्म लिया और हमारे देश-धरती के गौरवशाली इतिहास में अपना अद्वितीय स्थान बनाया है। इसी उज्जवल क्रम में मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध राजमाता अहिल्या बाई होल्कर का नाम प्रमुखता से आता है। महारानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के परम पुण्य स्मृति परिप्रेक्ष्य में नगर के संस्कृति प्रज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने बताया कि संपूर्ण देश में महारानी से देवी और फिर लोकमाता के रूप में प्रसिद्ध हुई। अहिल्या बाई होल्कर अपने श्रेष्ठ, कुशल और अति न्यायप्रिय राज्य शासन के साथ-साथ सीमाओं की सुरक्षा जन-जन के लिए उत्कृष्टम खान-पान, व्यवसाय, समरसता, पूर्ण सेवा व्यवस्था के लिए भी सिद्ध प्रसिद्ध रहीं। महाराष्ट्र के अहमद नगर के जामखेत के छोटे से ग्राम भौड़ी में जन्मी अहिल्या बाई का समग्र जीवनक्रम अत्यंत दुखों से भरा तथा अल्पायु में विवाह और फिर मात्र 29 वर्ष की आयु में वैध्वव्य को प्राप्त होना। 43 वर्ष में पुत्र शोक, 62 वर्ष की आयु में दोहित्र की मृत्यु और आगे दामाद के भी निधन जैसे अपार दुखों के बीच एक राजमाता के रूप में अत्यंत संयत रहकर तत्समय में सर्वश्रेष्ठ राज्य शासन व्यवस्था जो उन्हें इतिहास में महान नारी शासक के रूप में अमर करती है। उनकी इसी गौरवगाथा के कारण ही आज भी इंदौर में प्रतिवर्ष



भाद्रप्रद कृष्ण चतुदर्शी को अहिल्या उत्सव आयोजित होता है। आगे डॉ. द्विवेदी ने विशेष रूप से बताया कि आत्म प्रतिष्ठा और आत्म मुग्धता के मोह से सर्वदा परे रहने वाली अहिल्या बाई ने कम समय में ही पूरे भारतवर्ष का भ्रमण किया और यहाँ अत्यंत प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में शिव मंदिर बनवायें। घाटों का निर्माण कराया। कुआँ, बावलियां बनवाई। अच्छे और सहज पक्के मार्ग निर्मित किए और सबसे अधिक प्रशंसनीय रूप से अन्न-सत्र भोजन केन्द्र जगह-जगह आम जन के लिए स्थापित की। शुद्ध पेयजल के लिए प्याऊ घरों की स्थापना करवाई। महेश्वर जो उनके राज्य का राजधानी नगर था वहाँ विशाल महल बनाया और बनारस में काशी विश्वनाथ प्रसिद्ध शिवलिंग की स्थापना का यशोगान तो आज तक होता है। यह कहना अतिश्योक्ति पूर्ण नहीं होगा कि अहिल्या बाई होल्कर जी का महान व्यक्तित्व-कृतित्व लोकसेवा और लोककल्याणकारी निर्माण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है जो हमारी नेतृत्वकर्ता पीढ़ी के लिए श्रेष्ठ, सार्थक अत्यंत प्रेरणास्पद उदाहरण है। आइये हम सभी मन्शा-वाचा-कर्मणा से इस महान नारी शक्ति लोकमाता अहिल्या बाई के परमपावन पुण्यात्म कार्यो को लोकमंगला संकल्प के रूप में नित्यजीवन क्रम में धारण करें। यही लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर जी की 300वीं जयंती का श्रेष्ठ-सार्थक वर्तमान पीढ़ी के लिए संदेश होगा।

## नगर निगम की सामान्य सभा में चार विषयों पर चर्चा उपरांत लिये गये निर्णय, शेष विषयों पर कल चर्चा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक आज 30 सितम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10:30 बजे से नगर निगम के सभागृह में आहुत की गयी, जिसमें 11 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जाना था, बैठक निर्धारित समय में प्रारंभ हुई। बैठक के प्रारंभ में 1 घण्टे का प्रश्नकाल हुआ जिसमें पार्षदों द्वारा दिये गये प्रश्नों का प्रभारी सदस्यों ने उत्तर दिया, जिसके पश्चात विषय पर चर्चा शुरू हुई। 11 विषयो पर आयोजित बैठक में सभी विषयो में पार्षदों द्वारा चर्चाकर निर्णय लिया जाना था जिसमें विषय क्रं. 1 पुराना गंज चौक का नाम आचार्य श्री विद्यासागर चौक एवं गंज चौक में अहिंसा प्रवेश द्वार निर्माण में चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पास किया गया। इसी प्रकार विषय क्रं. 2 राजनांदगांव शहर स्थित तिरंगा चौक से गंज चौक तक मार्ग का नामकरण महेश पथ किये जाने विषय पर चर्चा उपरांत बहुमत से पारित किया गया एवं जी.ई.रोड ट्रांसपोर्ट नगर व बाईपास के लिये मुडने वाले रोड के चौक का नाम महाराजा रंजीतसिंह के नाम से किये जाने तथा मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक के नाम पर किये जाने विषय पर गहन चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पारित किया गया। सभी विषयों में सदस्यों के चर्चा उपरांत महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर दिया, उसके पश्चात निर्णय लिया गया। देर रात 9 बजे के पश्चात आज की बैठक स्थगित कर कल 1 अक्टूबर 2024 को पुन: 10:30 बजे से बैठक आहुत की जायेगी। बैठक में शेष 7 विषयो पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। आज की बैठक में निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता ने उपस्थित सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों व पत्रकार बंधुओं को स्वच्छता पखवाडा के तहत स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर स्वच्छता अपनाने तथा स्वच्छता के लिये जागरूकता लाने शपथ दिलायी।



बैठक में स्वच्छता अपनाने ली गयी शपथ

## अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे को एन.आई.एस पटियाला ने किया सम्मानित

### विशेषज्ञ व्याख्याता एवं खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पंजाब में मिला सम्मान



**पटियाला (नांदगांव टाइम्स)।** भारत सरकार के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान (एन.आई.एस) पटियाला द्वारा आज एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे को बतौर विशेषज्ञ अतिथि व्याख्याता उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) कार्यों के सफल निष्पादन के लिए सम्मानित किया गया। मृणाल चौबे, जिन्होंने एन.आई.एस पटियाला से डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग में ग्रेड के साथ टॉप रैंक प्राप्त किया, को इस विशेष अवसर पर आमंत्रित किया गया।

इस कार्यक्रम में संस्थान के हॉकी विभाग के प्रमुख अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मृणाल चौबे की उपस्थिति से प्रशिक्षु कोचों को अत्यधिक लाभ होगा, क्योंकि उनके अंतरराष्ट्रीय अनुभव और उच्च-स्तरीय खेल समझ से उन्हें मार्गदर्शन मिलेगा। हॉकी विभाग के असिस्टेंट इंचार्ज रोहित कुमार ने मृणाल के व्यावहारिक और शैक्षणिक योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके अनुभव से राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान में अध्ययनरत भावी कोचों को अपने अध्ययन को जमीनी स्तर पर लागू करने में मदद मिलेगी। मृणाल चौबे ने इस अवसर पर



अपनी सफलता की कहानी साझा की और भविष्य के कोचों और खिलाड़ियों को प्रेरित किया। उन्होंने खेल में समर्पण और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया और कहा कि ये गुण उनकी अंतरराष्ट्रीय यात्रा में सहायक रहे हैं। अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा, खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर सीखने की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर एम.एस.सी. विभाग के उच्च अधिकारी मनीष सर ने भी मृणाल चौबे की उपस्थिति से आगामी कोचों और खिलाड़ियों के निकट भविष्य में लाभान्वित होने की बात कही।

## जंगलपुर का प्रोजेक्ट राज्य स्तर पर तृतीय स्थान पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नीति आयोग भारत सरकार, बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और अटल टिंकरिंग लैब के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के अंतर्गत बिलासपुर में आयोजित अटल टिंकरथान - 2024 राज्य स्तरीय विज्ञान प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जंगलपुर के प्रोजेक्ट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। शाला के प्रभारी प्राचार्य पूनाराम यादव के दिशानिर्देशन तथा व्याख्याता सुरेश कुमार साहू, व्याख्याता के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र जयप्रकाश साहू (12वीं), चन्द्रशेक सिन्हा (10वीं) और रूद्रशेक सिन्हा (10वीं) ने 'सस्टनेबल डेवलपमेन्ट एंड क्लाइमेट चेंज' थीम पर एक प्रोजेक्ट का निर्माण किया था, जिसमें दूरस्थ वनांचल इलाकों था विद्युत के पहुँच से दूर गाँवों में सूर्य के प्रकाश द्वारा पानी की बोतलों के माध्यम से घर के कमरों को रोशन करने का मॉडल तैयार किया था। उक्त प्रतियोगिता में राजनांदगाव जिले से शा उ मा शाला जंगलपुर के आलावा शा उ मा शाला सोमनी, शा उ मा शाला बीजेभाठा और वेसलियन हिन्दी माध्यम उ मा शाला राजनांदगाव सहित छत्तीसगढ़ के 276 शासकीय और निजी स्कूलों के



प्रतिभागियों ने अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया था। प्रोजेक्ट निर्माण में एच एल चतुर्वेदी, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला आसरा का सहयोग प्राप्त हुआ। शाला के प्रोजेक्ट का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य खरे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी पी आर झाड़े, जिला अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी ए पी सी आदर्श वासनिक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर एल पात्रे, विद्यालय के शिक्षक तथा ग्रामवासियों बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

## राम शब्द में सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड समाहित है - पुरी शंकराचार्य

अरविन्द तिवारी

**बिलासपुर (नांदगांव टाइम्स)।** अपने राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर पहुंचे पुरी शंकराचार्य स्वामीश्री निश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज ने आज पहले दिन अशोक नगर बिरकोना रोड स्थित अशोका वाटिका में हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी में धर्म , आध्यात्म और राष्ट्र से संबंधित जिज्ञासाओं के समाधान में उद्धृत किया कि जीविका जीवन के लिये है , जीवन जीविका के लिये नही। जीवन है जीवनधन जगदीश्वर की प्राप्ति के लिये। प्रसाद की अशुद्धि के संबंध में उन्होंने कहा न्यायालय का यह आदेश है कि शासनतन्त्र को धार्मिक क्षेत्र में हस्तक्षेप का अधिकार नही होता है। मठ , मंदिर का परिचालन मान्य आचार्यों के निर्देशन में होना चाहिये। गोहत्या की रक्षा के संबंध मे उन्होंने कहा कि महायंत्रों के प्रयोग से दिव्यता का विलोप होता है। ट्रेक्टर , मालगाड़ी आदि के प्रयोग से बैलगाड़ी का प्रचलन समाप्त हुआ और बैलों का उपयोग कृषि कार्य में बंद हो गया। सभी घरों में गो सेवा एवं गोपालन होना चाहिये तथा प्रत्येक क्षेत्र में सामूहिक गोचर भूमि गोवंशों के लिये सुरक्षित होनी चाहिये। सात्विक आहार विहार के पालन से कुसंगति में प्रवृत्ति नही होती है। राम शब्द की महत्ता के संबंध मे पुरी शंकराचार्यजी ने कहा कि राम शब्द मे शामिल र का तात्पर्य अग्नि से , आ की मात्रा का तात्पर्य सूर्य से और म का तात्पर्य चंद्रमा से है। अग्नि - सूर्य और चंद्रमा वाक् , दृष्टि एवं मन के प्रतीक है । इस प्रकार राम शब्द में सम्पूर्ण ब्रहाम्ड समाहित है। गौरतलब है कि राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के माध्यम से पूरे विश्व में सनातन



धर्म के प्रचार ङ्क प्रसार एवं देश भर में सनातन संस्कृति के संरक्षण हेतु भारत भ्रमण पर निकले ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ जगन्नाथपुरी के पीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वतीजी महाराज आज सुबह बिलासपुर पहुंचे। अम्बिकापुर - दुर्ग एक्सप्रेस से उस्लापुर रेल्वे स्टेशन पहुंचने पर शिष्यवृंदों द्वारा कीर्तन वाद्ययंत्रों के साथ शंकराचार्यजी का भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही पूरा स्टेशन धार्मिक जयकारों के साथ हम भारत भव्य बनायेंगे ङ्क हम हिन्दू राष्ट्र बनायेंगे के जयघोष से गूंज उठा। स्वागत पश्चात वे सड़क मार्ग से बिरकोना रोड स्थित अशोक वाटिका पहुंचे जहां भी आरती पूजन कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद प्रथम सत्र में उन्होंने धर्म , आध्यात्म और राष्ट्र से संबंधित परिचर्चा की , वहीं असंख्य शिष्यों ने महाराजश्री से दीक्षा भी लिया। इस कार्यक्रम के तहत 01 अक्टूबर को प्रात:कालीन सत्र में दोपहर बारह बजे से महाराजश्री का दर्शन - दीक्षा और हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी आयोजित है , जिसमें उपस्थित सनातनी भक्त वृन्द धर्म - राष्ट्र और आध्यात्म से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इसके पश्चात पुरी शंकराचार्यजी पत्रकारों से भी चर्चा करेंगे। वहीं सायंकालीन सत्र में पांच बजे से सात बजे तक पुन: दर्शन एवं श्रीशंकराचार्यजी के श्रीमुख से आध्यात्मिक संदेश श्रवण का सुअवसर सुलभ रहेगा। इसी कड़ी में 02 अक्टूबर को अपरान्ह दो बजे उस्लापुर रेलवे स्टेशन से रेलमार्ग से दुर्ग उधमपुर एक्सप्रेस से आगरा प्रस्थान के पूर्व श्रीशंकराचार्यजी का बारह बजे निवासस्थल अशोक वाटिका में ही दर्शन सुलभ रहेगा तथा महाराजश्री एक बजे अशोकवाटिका से उस्लापुर के लिये प्रस्थान करेंगे। धर्मसंघ पीठपरिषद् , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी संगठन ने पुरी शंकराचार्यजी के बिलासपुर आगमन के शुभ अवसर पर उपरोक्तानुसार प्रात:कालीन एवं सायं के सत्र में उपस्थित रहकर दर्शन तथा आध्यात्मिक संदेश श्रवण का लाभ लेने की सभी नगरवासी / क्षेत्र के लोगों से अपील की है। इसकी जानकारी श्रीसुदर्शन संस्थानम् , पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी।

## खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के कुमरदा में बिहान सरस्वती ग्राम संगठन स्तरीय वार्षिक आमसभा आयोजित

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुमरदा में बिहान सरस्वती ग्राम संगठन स्तरीय वार्षिक आमसभा में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ,महिला समूहों के दीदियो के बीच समूह के फायदे और आर्थिक रूप से मजबूत होने की प्रेरणा एवम सरकार द्वारा महिला समूहों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ समूहों के दीदी द्वारा लिया जा रहा है 7 शासन प्रशासन द्वारा महिला सशक्तिकरण के दिशा में सार्थक पहल किया जा रहा है साथ ही हर गांव की महिलाओं को जीवन स्तर को सुधारने के लिए शासन प्रशासन विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिला समूहों को जोड़ रही है 7 इस कार्यक्रम में उपसरपंच ग्राम पंचायत गंसुराम कोलियारे ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंदरबती कोसमा,जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा नवीन साहू ,वरिष्ठ ग्राम प्रमुख लक्ष्मीनारायण साहू ,कमलेश्वरी साहू,संतोषी साहू,कुमारी बाई नागेश्वर,कल्पना कुंजाम एवम ग्रामीण महिला समूहों के समस्त पदाधिकारी ,सदस्य गण उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं योजना के प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टोरेट परिसर से साईकल रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 6 वर्ष एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के 3 वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 20 से 30 सितम्बर 2024 तक आयुष्मान भारत पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आयुष्मान भारत पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं योजना के प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टोरेट परिसर से साईकल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साईकल रैली कलेक्टोरेट परिसर से ठाकुर प्यारे लाल चौक, महावीर चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, भारत माता चौक, मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा चौक, आंबेडकर चौक होते हुए वापस कलेक्टोरेट परिसर में समाप्त हुई। साईकल रैली में सर्वेश्वर दास उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ठाकुर प्यारेलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। साईकल रैली के माध्यम से प्राचार्यों एवं शिक्षकों को आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु सभी शेष रह गए छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने कहा गया। साथ ही आमजनों से अपने एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड पखवाड़े के दौरान आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने की अपील की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, जिला टीकाकरण अधिकारी सह नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत डॉ. बी एल तुलावी, सहायक संचालक शिक्षा श्री नितिन हिरवानी, जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत श्री ऐश्वर्य साव, जिला स्कॉउट प्रभारी श्री मयुक श्रीवास्तव, कि ओस्क ऑपरेटर श्री पवन यादव, श्री वासुदेव साहू, श्री कृष्ण कुमार नागवंशी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी, स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले में आयोजित आयुष्मान पखवाड़े के दौरान आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु शेष समस्त हितग्राहियों के घर-घर जाकर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने का कार्य किया जा रहा हैं। साथ ही आयुष्मान चौपाल व सभा, स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, आयुष्मान भारत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वास्थ्य के लिए दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। जिले में योजनांतर्गत पंजीकृत चार शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव, घुमका, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाल बहादुर नगर एवं सुरगी तथा तीन निजी चिकित्सालयों किश्चयन फेलोशिप हॉस्पिटल राजनांदगांव, सांई कृपा हॉस्पिटल राजनांदगांव एवं समदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत सराहनीय योगदान दिये जाने हेतु सम्मानित किया गया है।



**आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं लाभ हेतु आवश्यक निर्देश**- आयुष्मान भारत कार्ड बनाने हेतु राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाईल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। परिवार के समस्त सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाएगा। परिवार के समस्त सदस्यों के साथ अपने क्षेत्र के नजदीकी च्वाईस सेंटर एवं समस्त शासकीय अस्पताल में जाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। राजनांदगांव शहरी क्षेत्र अंतर्गत समस्त च्वॉइस सेंटर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री, जिला चिकित्सालय बसंतपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, लखोली, मोतीपुर एवं पुराना अस्पताल गुरूद्वारा चौक में जाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र बीपीएल परिवारों को 5 लाख रूपए एवं शेष परिवार अर्थात एपीएल परिवारों को शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 50 हजार रूपए तक का लाभ योजना के दिशा-निर्देशानुसार योजनांतर्गत पंजीकृत किसी भी शासकीय एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अन्य अतिरिक्त गंभीर बीमारी हेतु मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 25 लाख रूपए तक स्वास्थ्य सहायता प्रदान किया जा रहा हैं, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु आयुष्मान कार्ड अनिवार्य हैं। आयुष्मान भारत बनाने की प्रक्रिया पूर्ण रूप से निःशुल्क हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नंम्बर 104 या निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र या कार्यालय मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी राजनांदगांव में प्राप्त किया जा सकता है।

## रासेयो स्वयंसेवको ने किया गोद ग्राम कन्हारपुरी में स्वच्छता कार्यक्रम

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर से अक्टूबर तक, स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है ,इसी कड़ी में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम के निर्देशन व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी( बालिका ) प्रो. प्रियांकी गजभिये तथा प्रभारी बालक डॉ.आशाराम साहू के मार्गदर्शन में 30 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई डोंगरगांव के तत्वावधान में गोद ग्राम कन्हारपुरी में स्वच्छता अभियान चलाया गया और स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता के अंतर्गत ग्राम पंचायत परिसर,प्राथमिक शाला,आंगनबाड़ी केंद्र,सांस्कृतिक मंच के आसपास तथा अलग- अलग गलियों में साफ सफाई कर स्वच्छता के नारे लगाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का भाव जगाने का प्रयास किया, जिसका नेतृत्व सत्यम,पुनीता,कनिष्का,देवनारायण माली,आकाश बोरकर ने किया! इस गतिविधि में दोनों इकाई के स्वयं सेवकों ने अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई!



## राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्रों ने स्वच्छता अभियान चलाया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी बसंत कुमार यादव के मार्ग दर्शन में 15 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा ,स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के थीम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्रों ने हाथो में झाड़ू ,फावड़ा लेकर भारत माता के जय घोष करते ,स्वच्छता के नारे लगाते ग्राम के सार्वजनिक स्थल बाजार, अस्पताल,छात्रावास के पास, गलियों तथा तालाब के घाटों में श्रमदान कर स्वच्छता कार्य कर स्वच्छता का संदेश दिया। व्याख्याता वीरेंद्र वैष्णव ने कहा कि स्वच्छता ईश्वरीय गुण है।हम सब जैसे घरों को स्वच्छ और साफ रखते है।वैसे ही हमे सार्वजनिक जगह गलियों को स्वच्छ रखना चाहिए। घरों से निकलने वाली कचरा तथा उद्योगो के अपशिष्ट पदार्थ को उचित जगह निस्पादन करना चाहिए।संस्था प्रभारी प्राचार्य मिलाप दास साहू ने छात्रों द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता कार्य की सराहना किए तथा छात्रों को नशा पान से दूर रहने शांति और स्वच्छ समाज निर्माण में सक्रिय योगदान का अपील किए।



**शुभांक**

1-3-0

134-8 130-5

**भाग्यांक**

680-4 -----


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.)

संक्षिप्त मैनुअल- निविदा आमंत्रण सूचना क्रं.05(प्रथम आमंत्रण)

संक्षिप्त निविदा सूचना

E-mail- ee-res.kawardha@nic.in

क्रमांक/ 2187/निविदा(विद्युत)/ग्रा.यां.सेवा/2024 कबीरधाम दिनांक 26.09.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण में द श्रेणी एवं उच्च वर्ग तथा विद्युत विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित कार्य हेतु मैनुअल जोनल निविदा दिनांक 15.10.2024 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत जोनल निविदा आंतरिक विद्युतीकरण हेतु | 20.00 |
| 2 | विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत जोनल निविदा आंतरिक विद्युतीकरण हेतु | 20.00 |
| 3 | विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत जोनल निविदा आंतरिक विद्युतीकरण हेतु | 20.00 |
| 4 | विकासखण्ड स.लोहारा अंतर्गत जोनल निविदा आंतरिक विद्युतीकरण हेतु | 20.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की जोनल निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks/ में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 30.09.2024 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कबीरधाम(छ.ग.)

जी - 02838/4


# महिलाओं का अपने घर और गांव के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है : भारत लाल साहू

## खपराभाट में महिला समूह का हुआ वार्षिक आम सभा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम खपराभाट में महिला समूह का आम सभा का आयोजन भाग्य विधाता ग्राम संगठन के तत्वाधान में आयोजित किया गया. इसमें महिला समूह के द्वारा विभिन्न प्रकार का खेल का आयोजन किया गया तथा अपने अपने समूह द्वारा किया गया कार्य पर प्रकाश डाला गया। महिला समूह के द्वारा अपने आर्थिक विकास कैसे सम्द्ध किया जाये ताकि सभी महिला समूह के सदस्य भी का विकास हो सके. महिला समूह के द्वारा मछली पालन, जैविक खाद बीज कैसे कम लागत में तैयार किया जा सकता है पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री भारत लाल साहू पूर्व सरपंच एवं अध्यक्ष



परिक्षेत्र साहू समाज गैन्दाटोला थे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं का ही घर और गांव का विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है हम सबको महिलाओं का सदा सम्मान करना चाहिए। इस कार्यक्रम में श्रीमती जमुना बरम चन्द्रवशी सरपंच, श्रीमती सखिना बाई,जैन बाई,सुनिता साहू, देवीसिंह उसके,पेशी राम लाल राम ईश्वर साहू,नेमन साहू, गुलाब साहू, गिरधर साहू उत्तम कुमार नेताम ग्राम पटेल यमुना दास मानिकपुरी समारू राम नेताम बलेश्वर साहू विशेष रूप उपस्थित थे, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है अध्यक्ष रुकमनी साहू, सचिव संगीता साहू, कोषाध्यक्ष बेनू साहू,कृषि सखी, किरण कन्वर,पशु सखी अन्नु साहू, सहायिका सुनीता साहू सक्रिय महिला टिकेश्वरी साहू सी आर पी नुतन साहू एवं ग्राम के पन्द्रह समूहों के सभी सदस्यों का महत्व पूर्ण सहयोग रहा एवं आस-पास गांव से महिला समूह के सदस्य लोग आये हुए थे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का भी भरपूर सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का सफल संचालन यमुना दास मानिकपुरी ने किया।

# 22 पेड़ जिंदगी के नाम से आयेंगी महिलाओं में खुशयाली





**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** सोमवार 30 सितम्बर 2024 को ग्राम- पीपरखार में आस- पास की महिला समुह का कार्यक्रम आयोजित कर 22 पेड़ जिन्दगी के नाम अभियान के लिए महिलाओं ने 22 पेड़ लगाने एवं प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव, हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिवकुमार देवांगन, ग्राम- पंचायत सरपंच निर्मला ठाकरे, हरियाली बहिनी कांता वर्मा,पार्वती नेताम, सोमबती वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पद्मश्री फूलबासन यादव ने कहा कि, 22 पेड़ जिन्दगी के नाम अर्थात अपने जीवन काल में 22 पेड़ की जरूरत होती है, महिलाए अपने खेत- बाड़ी में 22 पेड़ आम लगा ले उनकी एवं उनके परिवार की जिंदगी 4 वर्षो में हरियाली अर्थात आर्थिक उन्नति हो जायेगी। महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि, अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उसे बचाने का दृढ़ संकल्प ले। शिवकुमार देवांगन बताया कि,22 पेड़ जिंदगी के नाम के अंतर्गत केशर आम का चयन इसलिए किया गया है क्योंकि इसकी कीमत अन्य आम से अधिक होती है ज्यादा दिन तक टिकाऊ एवं स्वादिष्ट होने के कारण बाजार एवं आयात- निर्यात में हमेशा माँग बनी रहती है। जिसको देखते हुए महिलाएँ अधिक से अधिक पेड़ लगाए ताकि बुढ़ापा का सहारा बन सके। उन्होने आगे बताया कि, हमारा टीम महिलाओं को अन्य व्यवसायों में जोड़ी गई है उसमें प्रतिस्पर्धा बनी रहती है, लेकिन केशर आम में ऐसा नहीं है। एक व्यक्ति कम से कम 10 पौधे लगाते है उसमें से सात पेड़ बना पाते है तो चार वर्षो के बाद एक पेड़ से 5000 मिलता है तो कुल 35000/- रूपये आय प्रतिवर्ष मिलेगीं। हरियाली बहिनी 4 वर्षो में बीस हजार पेड़ बनाने की मुहिम चला रही है। ताकि 4 वर्षो के बाद 10 करोड़ आमदानी महिलाओं को हो सके ।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत डोंगरगढ़ विकासखंड में किए गए विभिन्न आयोजन

### जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली व महाविद्यालय के बच्चों, नागरिकों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति उनके अवदानों को स्मरण करते हुए तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छता के प्रति जनमानस में जागरूकता लाने के लिए प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा के तहत डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली व महाविद्यालय के बच्चों, नागरिकों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई। स्वच्छता रैली तहसील कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। रैली महावीर तालाब पहुंच कर तालाब की साफ-सफाई की गई तथा सिग्नेचर कैम्पेन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के बच्चों द्वारा गोलबाजार में नुक्कड़ नाटक कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डोंगरगढ़ श्री विनोद खाण्डेकर, श्री अमित जैन, पार्षद श्री अमित छाबड़ा, श्री रमन डोंगरे, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोंगरगढ़ श्री चंद्रकांत शर्मा, नगर पालिका अधिकारी लालबहादुर नगर श्री वनीश दुबे, कमांडेड 40 वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल श्री अन्नत नारायण दत्ता, सहायक कमाडेड श्री संतोष कुमार सिंह सहित नगर के आम नागरिकों के सहयोग से महावीर तालाब एवं आस-पास की जगहों की साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान को पूरा किया गया।



# पंजवानी जी 24वीं बार बने दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष

### धूमधाम से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, महाभण्डारा का आयोजन किया जाएगा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रीकृष्ण नवदुर्गा उत्सव समिति चौखडिया पारा वार्ड नं. 41 ने सिंधी धर्मशाला के पीछे शारदीय नवरात्र पर माँ दुर्गोत्सव हेतु आयोजन समिति का पुर्नगठन किया गया जिसमें वार्ड के पूर्व पार्षद एवं सिंधु एकादमी के डायरेक्टर छत्तीसगढ़ शासन के कांग्रेस नेता अशोक पंजवानी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। लेकिन पंजवानी जी ने इसे अस्वीकार करते हुए कहा कि 23 वर्षो से मैने सेवा की है अब अन्य सदस्यो को मौका दिया जाना चाहिए। पंजवानी जी का यह कथन सुनकर सभी मोहल्लेवासियों ने खड़े होकर पंजवानी जी से निवेदन किया कि आपका विचार श्रेष्ठ है लेकिन हम आपके अलावा अन्य किसी को अध्यक्ष पद के लिए उपयुक्त नही मानते। आपने जो सेवा की है वह और कोई नही कर सकता इसलिए हम सब मिलकर आपको ही अपना अध्यक्ष नियुक्त करते हैं। पंजवानी जी मोहल्लेवासियों की बात मानते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामना दी और कहा कि हर साल की तरह इस साल भी सभी कार्यक्रम एवं भण्डारा धूमधाम से करेंगे। पंजवानी ने कहा जो नवरात्रि में नौ दिन श्रद्धा से पूजा करता है उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।



# गोलछा परिवार की अनूठी पहल, एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ, दनिया में होगा लोकार्पण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गोलछा परिवार द्वारा अपने दिवंगत पूज्य परिजन स्वर्गीय घेवरचंद गोलछा और स्वर्गीय श्रीमती पानी देवी गोलछा की स्मृति में समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर आगामी 4 अक्टूबर को एक अत्याधुनिक एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। यह सेवा, समाज के जरूरतमंद और दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।




इस पावन अवसर परए रायपुर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. रवि जैन और उनकी अनुभवी मेडिकल टीम तथा भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट एवं अरबिंदो नेत्रालय रायपुर के द्वारा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दंत एवं नेत्र परीक्षण की निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाएंगी। यह सेवाएं सभी के लिए उपलब्ध होंगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। दोपहर 2 बजे एक भव्य समारोह में एम्बुलेंस सेवा का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में खैरागढ, राजनांदगांव और बेमेतरा जिलों के प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

आपातकालीन चिकित्सा सहायता : एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से क्षेत्रीय लोगों को त्वरित और सुलभ चिकित्सा सहायता उपलब्ध होगी, जिससे आपातकालीन स्थितियों में जीवन बचाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच दूर-दराज के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी, जिससे ग्रामीण इलाकों के लोग समय पर उचित चिकित्सा उपचार प्राप्त कर सकेंगे। निःशुल्क नेत्र एवं दंत परीक्षण यह पहल न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी, बल्कि आम लोगों को अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए प्रोत्साहित भी करेगी। यह एम्बुलेंस सेवा खैरागढ़ जिला के गंडई, छुईखदान, साल्हेवारा तहसील और बेमेतरा जिला के परपौड़ी, साजा, धमधा क्षेत्रों के निवासियों को समर्पित होगी। यह पहल इन ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी को दूर करने का एक सार्थक कदम साबित होगी। गोलछा परिवार द्वारा किया गया यह प्रयास उनकी सेवा भावना और समाज के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एम्बुलेंस सेवा के माध्यम सेए परिवार ने समाज को न केवल चिकित्सा सहायता प्रदान करने का, बल्कि जीवनरक्षक सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाने का दृढ़ संकल्प लिया है। इस कार्यक्रम में गोलछा परिवार की इस सराहनीय पहल की सराहना करने और समाजसेवा के इस महान कार्य में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सभी को सादर आमंत्रित किया गया है। इस सेवा कार्य में सम्मिलित होकर हम भी इस नेक कार्य का हिस्सा बनें और समाज में सेवा और समर्पण की इस भावना को और सशक्त बनाएं।


nandgaon times oct-01-2.qxd 9/30/2024 10:53 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) मेवाड़ में भील आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?*
*2) बगीचों का शहर किस शहर का उपनाम है?*
*3) एशिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेला बाली जात्रा हाल ही में कहां शुरू हुआ है?*
*4) दुनिया का सबसे बुद्धिमान जानवर किसे माना जाता है?*
*5) किस भारतीय लेखक को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए 45वां यूरोपीय निबंध पुरस्कार दिया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

(1) मोतीलाल तेजावत (2) कपूरथला (3) कटक (4) चिम्पांजी (5) अरूंधति रॉय

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 9 अक्टूबर को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्र राजनांदगांव में 9 अक्टूबर 2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा एसआर सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव 35 पद एवं एग्रीकल्चर ऑफिसर 5 पद केवल पुरूष, भारत फाईनेंनशियल इन्क्लूशन लिमिटेड सेक्टर 01 अवंती विहार रायपुर द्वारा लोन ऑफिसर 100 पद एवं अस्सिटेंट ब्रांच मैनेजर 10 पद, सोनाटा फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर द्वारा फील्ड ऑफिसर 50 पद, आदित्य बिरला सन लाईफ इंश्यूरेंस कंपनी राजनांदगांव द्वारा फाईनेंनशियल एडवाईजर 30 पद, एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट प्रायवेट लिमिटेड बलौदाबाजार-भांठापारा द्वारा इलेक्ट्रीकल 2 पद, फिटर, मैकेनिक 2 पद, मैकनिकल 2 पद केवल पुरूष के लिए भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

## सड़क निर्माण में ठेकेदार ने लगाये 45 लाख रूपए के डामर के फर्जी बिल

**ईओडब्ल्यू जबलपुर ने दर्ज की एफआईआर**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मध्यप्रदेश ग्रामीण विकास प्राधिकरण सिवनी पीआईयू 1 अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य में डामर के फर्जी बिल लगाने पर देवानंद जैन स्कूल रोड 50 वर्धमान नगर रोड राजनांदगांव निवासी सड़क निर्माण ठेकेदार श्री संजय सिंघी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार प्लाट नंबर 7 शिरके ले आउट राजनगर कटोल रोड नागपुर महाराष्ट्र निवासी श्री बलजिंदर सिंह नैय्यर द्वारा ठेकेदार श्री संजय सिंघी के विरूद्ध सड़क निर्माण कार्य में व्यापक मात्रा में डामर के फर्जी बिल लगाकर शासन से भुगतान प्राप्त कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने की शिकायत दर्ज कराई गयी थी। प्राप्त शिकायत की जांच करने पर पता चला कि सड़क निर्माण ठेकेदार श्री संजय सिंघी द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सिवनी में इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा जारी कुल 45 लाख 89 हजार 331 रूपए के फर्जी इनवाईस लगाये गये थे, जो इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा जारी नहीं किए गए थे।

पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू जबलपुर श्री आरडी भारद्वाज ने बताया कि मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों में जबलपुर संभाग के अनेक जिलों में विभिन्न सड़क निर्माण ठेकेदारों द्वारा फर्जी डामर के बिल लगाकर करोड़ों रूपए का भुगतान शासन से प्राप्त किया गया है, जिसकी शिकायत ईओडब्ल्यू जबलपुर को प्राप्त हुई है और जांच लगातार जारी है। इस कार्य में जो भी अधिकारी और सड़क ठेकेदार शामिल है, उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में दुर्ग विजेता एवं सरगुजा सेक्टर की टीम रही उपविजेता

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय फुटबाल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय रेलवे फुटबाल मैदान डोंगरगढ़ में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ द्वारा 28 सितंबर से 30 सितम्बर तक प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के निर्देशन व क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल नंदेश्वर के मागदर्शन में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता का फायनल मैच 30 सितम्बर को दोपहर 3 बजें से शुरू हुआ जिसमें दुर्ग सेक्टर की टीम ने सरगुजा की टीम को पेनाल्टी शुट आउट के माध्यम से 3-2 से हराकर राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का विजेता का खिताब अपने नाम किया वही सरगुजा की टीम उपविजेता रही।

प्रतियोगिता के प्रथम सत्र के सेमीफायनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरूण हथेल व विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय विद्यालय के डोंगरगढ़ प्राचार्य, विभिन्न सेक्टरों से आये पर्यवेक्षक, क्रीड़ा अधिकारी सहित नगर के वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री भाजपा व पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रकाश चौरड़िया, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन चीकू, समाजसेवी महेन्द्र भाई पटेल, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, जैन कुमार मेश्राम, विनित यादव, श्याम तिवारी, अजय यादव, अविनाश टेम्भुरकर उपस्थित थे। समस्त अतिथियों का महाविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया एवं मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को महाविद्यालय द्वारा स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामना दी। सेमीफायनल में दुर्ग एवं सरगुजा की टीम रही विजेता - 30 सितम्बर को आयोजित उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोतगिता का प्रथम सेमीफायनल मैच प्रात: 8 बजें से खेला दुर्ग एवं बिलासपुर सेक्टर के मध्य खेला गया जिसमें दुर्ग सेक्टर की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 3-0 से मैच जीतकर फानयल में प्रवेश किया। इसी प्रकार द्वितीय सेमीफायनल मैच सरगुजा व बस्तर सेक्टर के मध्य खेला गया जिसमें सरगुजा सेक्टर की टीम ने 2-0 से मैच जीतकर फायनल में अपनी जगह बनाई। फायनल मैच में कड़ी टक्कर के बाद दुर्ग सेक्टर की टीम रही विजेता - प्रतियोगिता का फायनल मैच 30 सितम्बर को दोपहर 03 बजें दुर्ग सेक्टर एवं सरगुजा सेक्टर की टीम के मध्य खेला गया। पूरा मैच काफी रोमांचक रहा, जिसमें दोनो ही टीम ने निर्धारित समय पर लगातार गोल मारने हेतु काफी मेहनत की किन्तु अंत समय तक दोनो की टीमें गोल मारने में सफल नही हो पायी। निर्धारित समय समाप्त होने के पश्चात पेनाल्टी कीक के माध्यम से दोनो की टीमों ने निर्धारित प्रयास किया जिसमें दुर्ग सेक्टर की टीम ने 3-2 से मैच अपने नाम कर उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता का खिताब अपने नाम कर विजेता रही वही सरगुजा सेक्टर की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश महामंत्री भाजपा व पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती ने उक्त राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता आयोजन के लिए छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग सहित आयोजक महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए विजेता दुर्ग सेक्टर टीम को जीत की बधाई दी वही उपविजेता टीम को कड़ी मेहनत कर दोबारा प्रयास अगली प्रतियोगिता के लिए तैयार रहने की बात कही। श्री भारती ने कहा कि जीवन में हमें जीत के लिए हमें लक्ष्य निर्धारित कर चौकन्ना रहना अति आवश्यक है अन्यथा हमारी जगह कोई और लेकर जीत हासिल करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी प्रकाश चौरड़िया ने कहा कि दोनो की टीमों ने बेहतर प्रयास किया । उन्होने खिलाड़ियो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीतने के लिए जिद, जुनून एवं लक्ष्य को का होना अति आवश्यक है, जिस दिन आपमें यह तीनों चीजें आ जायेगी उस दिन आपके लिए कोई भी लक्ष्य बड़ा नही होगा। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन चीकू एवं जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने भी संबोंधित किया एवं उक्त फुटबाल प्रतियोगिता आयोजन के लिए आयोजक महाविद्यालय सहित नगर के खेल प्रेमियों को बधाई देते खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के अंत में अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को विनर शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही तीन दिवसीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान करने वाले खिलाड़ी व पर्यवेक्षकगणों को महाविद्यालय द्वारा रमृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।



### पेनाल्टी शुट आउट के माध्यम से 3-2 से दुर्ग सेक्टर ने जीती प्रतियोगिता

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने समस्त अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए उक्त प्रतियोगिता हेतु अपना बहुमूल्य समय निकालकर आयोजन को सफल बनाने के लिए तीनों दिवस के मुख्य अतिथि अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथियों जनभागीदारी समिति सदस्यगणों, रेलवे के अधिकारी, चिकित्सा विभाग, शासकीय आईटीआई, मां बम्लेश्वरी मंदिर समिति एवं नगर के वरिष्ठ खिलाडियों एवं खेल प्रेमियों सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उक्त तीन दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता को सफल बनाने में विभिन्न सेक्टरों से आये क्रीड़ा अधिकारियों, पर्यवेक्षकगणों, टीम मैनेजरो सहित नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के प्राध्यापकगण डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डॉ श्रीमती आशा चौधरी, डॉ. आर.आर कोचे, नितेश तिरपुड़े जीके यादव, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, गुलशन सिन्हा, एचआर पदमे, अविनाश सिंह, बेदप्रकाश साहू, नितिन शांडिल्य, डॉ. नीता राजपुत, एवलाल मेश्राम, प्रभात बैस, गौरव तिवारी, मनीषा भेड़िया, देवश्री देवांगन, गोकुल प्रसाद, पूरे महाविद्यालय परिवार सहित खेल क्षेत्र से जुडे खिलाड़ी छात्र-छात्राएं दीपेश डे, रमन साहू, डाकेश्वर वर्मा, अमन नामदेव, नागेश्वर वर्मा, गोदावरी, मुस्कान का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल. नंदेश्वर एवं आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या. डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने किया।

## पूर्व सांसद मधु की उपस्थिति में चिखली के 50 से अधिक वार्डवासियों ने भाजपा की सदस्यता ली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंत्योदय के पैरोकार रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर भाजपा सदस्यता अभियान के एक कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर मधुसूदन यादव वर्तमान महापौर के वार्ड चिखली में उपस्थित रहे। इस आयोजन में भाजपा के स्थानीय पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण द्वारा आयोजित मोर बूथ, मोर अभिमान कार्यक्रम में सर्वश्री विजय शर्मा, लोकेश जैन, प्रेम रजक, अनिल सिन्हा, गुंजन शर्मा, संजय साहू, नीरज तिवारी, झूमर जैन, महेश सिन्हा, बंटी रजक, प्रशांत रजक, मुकेश शर्मा, रमन यादव, नम्मू शर्मा, सागर रजक, गुहा यादव, तेजराम साहू, चंडी गुप्ता, श्रुति जैन, सुनीता जैन, सपना जैन, चंद्रिका साहू, योगिता कुर्रे, चंद्रिका किशोर साहू, सीता सोनी, नेहा जैन, नगीना साहू सहित अन्य वार्डवासीगण मौजूद रहे। वार्डवासियों द्वारा पूर्व सांसद का तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया, जिसके बाद आयोजन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन चरित्र एवं आदर्शों को स्मरण करते हुए भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। आयोजन में पंडित उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के पश्चात पूर्व सांसद मधुसूदन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजनीति में भी संस्कृति के संवाहक बनकर रहे, उन्होंने अपना जीवन एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय की अवधारणा को साकार करने के लिए समर्पित किया। उन्होंने राजनीति में अपने धर्म एवं संस्कृति को कभी नहीं छोड़ा एवं राष्ट्रवाद को सर्वोपरि माना। पंडित उपाध्याय के मार्ग पर चलते हुए भाजपा समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के उद्भव एवं विकास के लिए कृत संकल्पित है। पूर्व सांसद की मौजूदगी में 50 से अधिक वार्डवासियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के सदस्य बन गए हैं, जिसके 18 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। उन्होंने वार्डवासियों से आव्हान किया कि हमसब मिलकर भारत देश एवं भाजपा संगठन को सशक्त एवं उन्नतिशील बनाने में अपना अहम योगदान करेंगे।



## अधूरे सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को पूर्ण करने के संबंध में डॉ. रमन सिंह को पत्र प्रेषित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम द्वारा विगत दिनों से चल रहे निर्माणाधीन अधूरे सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को पूर्ण करने के संबंध में दिनांक 28 सितम्बर को डॉ. रमन सिंह विधायक राजनांदगांव को उनके निवास पर पत्र प्रेषित किया गया है। अधूरे ट्रीटमेंट प्लांट को राजनांदगांव की जनता मंशानुसार पूर्ण करना आवश्यक हो गया है ताकि गंदा पानी साफहोकर बूढ़ासागर में प्रवेश करें। उक्त संदर्भ में डॉ. रमन सिंह द्वारा प्लांट को पूर्ण कराने हेतु सहमति दी गई। पत्र ग्रहण कर आश्वासन दिया गया। उपस्थित क्षेत्रीय पूर्व पार्षद, जनहित मोर्चा के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू, घनश्याम वैष्णव, धनराज सोनी, डीसी श्रीवास्तव, योगेश सोनी, मनोज यादव, संतोष धीवर, प्रिंस अविराज, अशोक देवांगन, मनोज साहू, कृष्ण मोहन तथा जनहित मोर्चा के सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी मोर्चा के सचिव नागेश श्रीवास्तव ने दी।



# राजधानी में दोपहर बाद झमाझम बारिश ने बदला मौसम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून सीजन का आज (सोमवार को) आखिरी दिन है। इस बीच रायपुर में दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और झमाझम बारिश शुरू हो गई। करीब 10 मिनट तेज पानी बरसने के बाद बूंदाबांदी का दौर जारी है। मौसम विशेषज्ञ के मुताबिक, अगले 2 दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। 2 दिनों से रायपुर समेत कई जिलों में मानसून पर ब्रेक लगने के चलते उमस बढ़ गई थी। सबसे ज्यादा तापमान 34.9 डिग्री महासमुंद में दर्ज किया गया। वहीं पेंड्रा रोड में पारा 21.6 डिग्री रहा। आज बस्तर संभाग के कुछ जिलों में बारिश की संभावना है। वहीं मानसून खत्म होने तक 5 जिलों में सूखे जैसे हालात हैं। रविवार को प्रदेश में मानसून की सक्रियता सामान्य से कम रही। प्रदेश में एक-दो जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी। रविवार की सुबह 8 बजे तक रिकॉर्ड किए गए आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा बारिश कोंडागांव जिले के माकड़ी 60 मिलीमीटर बारिश हुई। आज और आने वाले एक-दो दिनों में भी बस्तर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश का ही अनुमान है। मौसम विज्ञानियों ने मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की रेखा फिरोजपुर, सिरसा, चूरू, अजमेर, माउंट आबू, डीसा, सुरेन्द्र नगर, जूनागढ़ से होकर गुजर रही है। उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और उसके आसपास के इलाकों में सुबह का चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 4.5 किमी ऊपर तक स्थित है। यह दबाव दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है जिसके कारण बस्तर संभाग के कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी होने के आसार हैं। जिले के तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। रविवार को पारा 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जिले के तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। रविवार को पारा 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। दुर्ग जिले में खंड वर्षा के बाद शुक्रवार तक झमाझम बारिश हुई। शनिवार और रविवार को तेज धूप की वजह से उमस और गर्मी बढ़ गई। जिससे लोग परेशान हैं। आने वाले दिनों में भी बारिश के कोई आसार नहीं है। जिले में 25 प्रतिशत कम बारिश हुई है। बिलासपुर में पिछले दो दिनों से बारिश बंद है, जिससे तापमान में बढ़ोतरी हुई है। रविवार दोपहर अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री दर्ज किया गया। जिससे गर्मी और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम ऐसा ही रहेगा। 29 सितंबर को ज्यादातर जिलों में दिन का तापमान औसत से अधिक रहा। रायपुर में दिन का पारा 34.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक था। बिलासपुर में दिन का तापमान 33.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक था। अंबिकापुर में 31. 9 डिग्री टेंपरेचर रहा जो सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक था। जगदलपुर में अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री रहा जो औसत से 2.3 डिग्री ज्यादा था। वहीं राजनांदगांव में 32.5 डिग्री टेम्परेचर रिकॉर्ड किया गया।



## धर्म समाचार....

# अक्टूबर महीने में कब है विनायक चतुर्थी? नोट करें शुभ मुहूर्त एवं योग






आश्विन माह की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक शारदीय नवरात्र मनाया जाता है। शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को विनायक चतुर्थी मनाई जाती है। इस शुभ अवसर पर मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा जाती है। इसके साथ ही भगवान गणेश की भी उपासना की जाती है। भगवान गणेश की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में बढ़ोतरी होती है। प्रत्येक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित होता है। इस शुभ तिथि पर विनायक चतुर्थी मनाई जाती है। विनायक चतुर्थी पर गणपति बप्पा की पूजा की जाती है। साथ ही शुभ कार्यों में सिद्धि पाने के लिए व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। इसके अलावा, जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। अत: साधक भक्ति भाव से भगवान गणेश की पूजा करते हैं।

**विनायक चतुर्थी शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 06 अक्टूबर को प्रात: काल 07 बजकर 49 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 07 अक्टूबर को सुबह 09 बजकर 47 मिनट पर होगा। इस दिन चन्द्रास्त शाम 07 बजकर 53 मिनट पर होगा। साधक 06 अक्टूबर को विनायक चतुर्थी व्रत रख सकते हैं।

**विनायक चतुर्थी शुभ योग**

आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर दुर्लभ प्रीति योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का संयोग रात्रि भर है। इसके साथ ही रवि योग का भी संयोग बन रहा है। इसके अलावा, रात्रि में भद्रावास योग का निर्माण हो रहा है। इन योग में गणपति बप्पा की पूजा करने से जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट अवश्य दूर हो जाएंगे।

## कार्तिक महीने में कब मनाई जाएगी रमा एकादशी?

भगवान विष्णु की लीला अपरंपार है। अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। उनकी कृपा से भक्तों के सभी दुख दूर हो जाते हैं। साथ ही जीवन में खुशियों का आगमन होता है। इस शुभ अवसर पर मंदिरों में भगवान विष्णु संग लक्ष्मी जी की विशेष पूजा की जाती है। सामान्य जन अपने घरों पर लक्ष्मी नारायण की भक्ति करते हैं। एकादशी तिथि जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित है। यह पर्व हर माह कृष्ण और शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन मनाया जाता है। इस तिथि पर लक्ष्मी नारायण जी की विशेष पूजा की जाती है। इसके साथ ही एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत के पुण्य-प्रताप से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। अत: साधक श्रद्धा भाव से भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। आइए, रमा एकादशी की तिथि, शुभ मुहूर्त एवं योग जानते हैं- कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 27 अक्टूबर को सुबह 05 बजकर 23 मिनट पर शुरू होगी और 28 अक्टूबर को सुबह 07 बजकर 50 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि की गणना के अनुसार 27 अक्टूबर को रमा एकादशी मनाई जाएगी। वहीं, वैष्णव समाज के अनुयायी 28 अक्टूबर को रमा एकादशी मनाएंगे। वहीं, पारण 29 अक्टूबर को सुबह 06 बजकर 31 मिनट से लेकर 08 बजकर 44 मिनट के मध्य पारण कर सकते हैं। एकादशी तिथि के लिए स्थानीय पंचांग की अवश्य सहायता लें। ज्योतिषियों की मानें तो रमा एकादशी के दिन शिववास योग का निर्माण हो रहा है। इस दिन भगवान शिव प्रात: काल 07 बजकर 50 मिनट पर कैलाश पर विराजमान रहेंगे। इसके बाद नंदी पर सवार होंगे। इस दिन दुर्लभ इन्द्र योग का निर्माण हो रहा है। साथ ही बालव, कौलव एवं तैतिल करण योग बन रहे हैं।



nandgaon times oct-01-2.qxd 9/30/2024 10:53 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# झारखंड के राज्यपाल तथा केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए तथा 11 हजार सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र का किया लोकार्पण

## जिले के सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र भोथीपारखुर्द एवं रेवाडीह का शुभारंभ, झारखंड के राज्यपाल तथा केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास ने की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बातचीत









**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** झारखंड राज्य के राज्यपाल श्री संतोष गंगवाल तथा केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास श्रीमती अन्नपूर्णा देवी आज झारखंड राज्य की राजधानी रांची के शौर्य सभागार में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए तथा इस अवसर पर उन्होंने 11 हजार सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिले के सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र भोथीपारखुर्द एवं रेवाडीह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी व टीम उपस्थित रहे। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल श्री संतोष गंगवाल तथा केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र भोथीपार की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बातचीत की।

केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आपका आंगनबाड़ी केन्द्र सक्षम आंगनबाड़ी के रूप में परिणित हुआ है। इससे जो परिवर्तन आए हैं, उसके संबंध में चर्चा की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र में 6 माह से 3 वर्ष तक के 16 बच्चे हैं। सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र बनने से यहां परिवर्तन आया है। आंगनबाड़ी केन्द्र में किचन गार्डन के रूप में पोषण वाटिका विकसित की गई है। जिसमें पालक, भाजी-सब्जी, फल एवं अन्य पौष्टिक सामग्री प्राप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि पोषण वाटिका से बहुत फायदा है। इससे प्रेरित होकर अभिभावक स्वयं भी अपने घरों में बना रहे हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र की पोषण वाटिका में शहतुत, केला, पपीता, बादाम, आम, जाम तथा सब्जियों में पालक, फूलगोभी, मिर्ची, ग्वार फल्ली, मूली एवं अन्य सब्जियां लगाई गई हैं। गांव में बच्चों के पोषण के लिए घर-घर पोषण वाटिका बनाये जा रहे हैं। बच्चों के सुपोषण के लिए पौष्टिक आहार, खान-पान के संबंध में जागरूकता लाने के लिए कार्य कर रहे हैं। बच्चों को स्मार्ट टीवी के माध्यम से बाल कविता, लघु फिल्म, कहानी दिखाई जा रही है। जिससे वे जल्दी सीख रहे हैं। सुपोषण चौपाल, टीकाकरण के संबंध में जानकारी दी जा रही हैं। अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य की सही जानकारी देते हुए यह बताते हैं कि बच्चा मध्यम कुपोषित है या सामान्य। इसके अनुसार उन्हें पौष्टिक आहार दिया जाता है। बच्चे नर्सरी में जैसे पढ़ते हैं वेसे ही यहां पढ़ाई कर रहे हैं। बच्चों की देख-भाल कर रहे हैं। पेंटिंग के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्र की आकर्षक साज-सज्जा की गई है, जिससे बच्चे पढने् के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। झारखंड राज्य के राज्यपाल तथा केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास ने जिले में बनाए गए पोषण वाटिका की प्रशंसा की। गौरतलब है कि कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में सुपोषण माह के अंतर्गत विशेष तौर पर कार्य किया गया। उनके निर्देश पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में किचन गार्डन की तर्ज पर सुपोषण वाटिका बनाए जा रहे है। कलेक्टर स्वयं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे है। उन्होंने सुपोषण के लिए जिले में जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए सुपोषण चौपाल के माध्यम से अभिभावकों को पौष्टिक आहार, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक जानकारी देने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाली माताएं एवं उनके नन्हें बच्चे भी उपस्थित थे। पौष्टिक आहार का संदेश देते हुए अन्न से बने सुपोषण कलश को सजाया गया था। वही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध चीला, गुझिया, सूजी के लड्डू, खीर, खुरमी, अंकुरित अनाज, अईरसा, गुलगुला भजिया, एवं अन्य व्यंजनों के संबंध में सभी को जानकारी दी गई तथा माताओं को बच्चों को रागी, कोदो, कुटकी, दाल, मक्का, चावल, बाजरा, मुंग, अरहर, गेहूं एवं अन्य खाद्यान्न का उपयोग करने की सलाह दी गई। फलों और सब्जियों से स्टॉल को सजाया गया था। उल्लेखनीय है कि देश भर में 11 हजार सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों का शुभारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत जिले में 2 आंनबाड़ी केन्द्र भोथीपार खुर्द एवं रेवाडीह को सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए चयनित किया गया है। इसके अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था, देखभाल एवं शिक्षा, पोषण वाटिका, एलईडी टीवी के माध्यम से बच्चों को पढ़ाना, आरओ मशीन के माध्यम से स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय पोषण माह 2024 1 से 30 सितम्बर तक संचालित था, जिसका समापन किया गया।



# दाऊ मंदराजी की पुण्यतिथि प्रसंग पर कन्हारपुरी में पद्मश्री भारती बंधु का कबीर भजन- गायन आयोजन

## नाचा पुरखा को लोक कलाकारों व साहित्य धर्मियों द्वारा दी जाएगी? सांगीतिक कृतज्ञांजलि





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली नाचा' के पुरोधा दाऊ मंदराजी को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर उन्हे पुण्य स्मरण करने हेतु पद्मश्री भारती बंधु ( ?रायपुर) का कबीर भजन गायन कार्यक्रम का आयोजन किया ?गया? है। इस दौरान उपस्थित सभी लोक कलाकारों व साहित्य धर्मियों द्वारा दाऊ मंदराजी के कलात्मक योगदान को याद करते हुए उन्हें पुण्यांजलि दी जाएगी। शहर के कन्हारपुरी वार्ड नं 34 स्थित शंकर? भवन ( ?शिव धाम)? मे 2? अक्टूबर गांधी जयंती, सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन प्रात: 11 : ?30? बजे? से आयोजित इस सांगितिक आयोजन में कबीर भजन गायन की प्रस्तुति पद्मश्री भारती बंधु द्वारा दी जाएगी। वहीं उपस्थित लोक कलाकारों द्वारा दाऊ जी को गीत-संगीत के माध्यम से श्रद्धा-पुष्प अर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम में आतिथ्य ग्रहण हेतु क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह, ?सांसद संतोष पाण्डे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व अभिषेक सिंह सहित अन्य महानुभावों को आमंत्रित किया गया है। दाऊ मंदराजी धरोहर? मंच ?के संयोजक - एवं लोक कला /संगीत एवं साहित्य धर्मी आत्माराम कोशा अमात्य, नाचा ?कलाकार चतुर ?सिंग बजरंग, छन्नू - ?नत्थन , ?लोक गायक महादेव हिरवानी, दिनेश साहू, मनहरण साहू, मानसिंह मौलिक, आदि ने बताया कि सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या अवसर पर आयोजित इस आयोजन में लोक कला ,साहित्य, संगीत के क्षेत्र में योगदान देने वाले दिवंगतों का भी पूण्य? स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि? दी जाएगी। इस अवसर पर कला/ ? साहित्य संबंधी चर्चा गोष्ठी व दाऊ मंदराजी द्वारा स्थापित सांगीतिक बैठक का भी आयोजन किया गया है। जिसमें उन महान कला- ?संगीत पुण्यात्माओ को याद किया जाएगा। दाऊ मंदराजी धरोहर? मंच द्वारा उक्त कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में लोगों को पधारकर सांगीतिक लाभ लेने की अपील की गई है। उक्ताशय की जानकारी लोक कलाकार चतुर सिंह बजरंग व साहित्य धर्मी मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई ।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव में आज फैशन शो



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत अग्रवाल समाज द्वारा प्रतिदिन विविध प्रतियोगिताओं एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । समाज के बच्चोंए युवकए युवतियों एपुरुषों तथा महिलाओं की सहभागिता कार्यक्रमों में निरंतर बढ़ रही है । अग्र जनों द्वारा मिल रहे अच्छे प्रतिसाद से आयोजन प्रभारी भी उत्साहित होकर कार्यक्रमों को और अधिक रुचिकर एवं बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं । यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि इसी कड़ी में 01 अक्टूबरए मंगलवार को महिला मंडल द्वारा युवतियों एवं महिलाओं के लिए वेस्ट मटेरियल के परिधान से ष् फैशन शो ष् का यूनिक आयोजन किया जाएगा । साथ ही बच्चों का फैंसी ड्रेस ;प्रांतीय वेशभूषा द्ध युवतियों के लिए श् तारक मेहता का उल्टा चश्माश् किरदार प्ले करना एवं आकस्मिक प्रतियोगिता रखी गई है .। नवयुवक मंडल द्वारा स्लो स्कूटी ;लेडीज द्ध स्लो साइकिलए 100 मीटर दौड़ए200 मीटर दौड़ एनींबू दौड़ ;सभी में किड्स जूनियर सीनियर द्धप्रतियोगिता आयोजित की जाएगी । अग्रवाल सभा अध्यक्ष षरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, कोशाध्यक्ष अषोक अग्रवाल, लोकेष अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया, सचिव श्रीमती रिना अग्रवाल, कोशाध्यक्ष श्रीमती रेखा अग्रवाल एवं नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल, कोशाध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने सभी अग्र परिवारों से कार्यक्रमों में सहभागिता की अपील की है।

# कवि राव चंद्रवरदाई की 876 वी जयंती मनाई गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राव भाट समाज के राष्ट्रीय



सचिव के तत्वाधान मे रायपुर मे हिंदी साहित्य के प्रथम महाकाव्य पृथ्वी राज रासो के रचयिता समाज के वीर पुरुष कवि राव चंद्रवरदाई जी की 876 वी जयंती उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। जयंती उत्सव पर संगोष्ठी, कवि सम्मेलन आयोजित करके इस दिवस को ऐतिहासिक रूप से मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव छविराम राव, उपाध्यक्ष तिलक भट्ट, सचिव देवचरण राव, श्रवण कुमार भाट,रवि राव,खेलन भाई, राजेश भट्ट, नीलेश्वर भट्ट सहित सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित है।

# आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव एवं डोंगरगांव के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से 16 मकान आंशिक क्षति होने पर 64 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 2 से मकान पूर्णत: क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 2 कपड़ा व बर्तन आंशिक क्षति होने पर 5 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 5 धान, साग-सब्जी, भिन्डी फसल क्षति होने पर 33 हजार 203 रूपए, आग से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, शिवनाथ नदी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 23 मकान आंशिक क्षति होने पर 92 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 1 पशकोठा की क्षति होने पर 3 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# महावीर स्मार्ट सिटी ने आयोजित किया सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के फरहद चौक स्थित महावीर स्मार्ट सिटी में दो दिवसीय सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों, महिलाओं और पुरूषों की अलग-अलग टीमों ने अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते प्रतियोगिता में पुरस्कार हासिल किया। शहर के महावीर स्मार्ट सिटी द्वारा फरहद चौक के समीप निर्मित स्मार्ट सिटी में सभी को एकजुट करते खेल और मनोरंजन का वातावरण निर्मित करने सद्भावना फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चार पुरूष टीम, दो महिला टीम और बच्चों की टीम के अलावा पुरूष वर्ग में महावीर कंपनी की टीम ने हिस्सा लिया। इस रोमांचक क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार की रात खेला गया। जिसमें महावीर कंपनी की टीम रनर अप रही। वहीं बालक वर्ग, महिला वर्ग और पुरूष वर्ग की विजेता टीमों सहित उपविजेता टीमों को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। वहीं व्यक्तिगत पुरस्कार से भी सभी वर्ग में टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

**दूधिया रोशनी में रोमांचक खेल का मुकाबला**

पारिवारिक माहौल में आयोजित किए गए इस फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में महिलाओं की टीम में खासा उत्साह रहा। इस टीम में कामकाजी और गृहिणी महिलाएं भी शामिल हुई, जहां उन्होंने अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन किया। 2 दिवसीय इस टूर्नामेंट के दौरान महिलाओं की टीम में गजब का उत्साह नजर आया।

**टर्फनेट ग्राउंड में आयोजित हुई प्रतियोगिता**

महावीर स्मार्ट सिटी में बने भव्य टर्फनेट ग्राउंड में यह क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में खासा रोमांच था। वहीं पुरूष वर्ग की टीम ने भी दमखम के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। दिनभर के कामकाज से मुक्त होकर रात्रिकालीन इस क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेते लोगों ने जमकर आनंद उठाया।

**महिला क्रिकेट टीम में गजब का उत्साह**

रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के इस आयोजन का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में स्मार्ट सिटी के लोग और महावीर ग्रुप से जुड़े पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीआरपीएफ के रिटायर्ड अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर महावीर ग्रुप के शिवम बोहरा, विकास बोहरा, प्रशांत बोहरा सहित दुष्यंत अवस्थी, अमित श्रीवास्तव, राकेश नेताम एवं सुपरवाईजर विवेक सहित बड़ी संख्या में स्मार्ट सिटी के लोग उपस्थित रहे.।

# मदिरा प्रेमियों ने शराब दुकान पहुंचने सड़क बनाने की मांग की

**अर्जुनी शराब दुकान सड़ ?क कीचड़ एवं गड्ढे से सराबोर**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अर्जुनी क्षेत्र के मदिरा प्रेमियों को शराब दुकान पहुंचने कच्ची सड़क मार्ग में गड्ढे एवं कीचड़ से चलते



गिरकर घायल हो रहे है। सिंगारपुर चौक में स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा उक्त मुख्य मार्ग से 200 मीटर दूर एक किसान के खेत में संचालित हो रहा है। शराब खरीदने वाले पगदंडी धरसा मार्ग में जगह-जगह गड्ढे हो गए है। तथा गड् ?डों में कीचड़ के चलते बाईक एवं साइकिल सवार रोज दुर्घटना का शिकार हो रहे है। मदिरा प्रेमियों ने बताया कि सड़क की मरम्मत कराने आबकारी विभाग के अधिकारियो से की है। रात में गड्ढे अंधेरा होने से दिखाई नही देता है। धरसा मार्ग होने से मिट्टी गीली रहती है जितने जगह- जगह बड़े गड्ढे हो गए है। क्षेत्र के मदिरा प्रेमियों ने आबकारी विभाग और जिला प्रशासन से शीघ्र ही सड़क पहुंच मार्ग बनाने की मांग की गई है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com